**भारत सरकार**
**रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय**
**औषध विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 178**
**दिनांक 02 फरवरी, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**पीएमबीजेपी के अंतर्गत उपलब्धियां**

**178. श्री राजेश नारणभाई चुडासमा:**
**श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे:**

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के अंतर्गत इसकी शुरूआत से लेकर अब तक प्राप्त उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है;
(ख) पीएमबीजेपी की वर्तमान प्रगति क्या है और भविष्य में इसके विस्तार के लिए कौन-कौन सी योजनाएं तैयार की जा रही हैं;
(ग) देश में पीएमबीजेपी के माध्यम से किस प्रकार की और कितनी बीमारियों की दवाइयां बिक्री के लिए उपलब्ध कराई जा रही हैं;
(घ) पीएमबीजेपी के अंतर्गत गुजरात और महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों में अब तक कितने केन्द्र खोले गए हैं;
(ङ) क्या सरकार ने देश में पीएमबीजेपी योजना को बढ़ावा देने के लिए कोई कार्रवाई की है/करने का विचार रखती है; और
(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री (श्री भगवंत खुबा)**

**(क) और (ख):** सभी विशेष रूप से गरीबों और वंचित लोगों को सस्ती कीमतों पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से, सरकार द्वारा वर्ष 2008 में प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) का शुभारंभ किया गया था। इस योजना के तहत, जनता को जेनेरिक दवाएं प्रदान करने के लिए देश भर में प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र (पीएमबीजेके) के रूप में जाने जाने वाले समर्पित आउटलेट खोले जाते हैं।

दिनांक 31.12.2023 तक देश भर में लगभग 10,454 पीएमबीजेके खोले जा चुके हैं। जनऔषधि दवाओं की कीमतें आम तौर पर ब्रांडेड दवाओं की कीमतों से 50%-90% कम होती हैं जो खुले बाजार में उपलब्ध हैं। पिछले 9 वर्षों के दौरान, नागरिकों के लिए 28,000 करोड़ रुपये से अधिक की अनुमानित बचत संभव हो पाई है।

इस योजना के और विस्तार के लिए, सरकार ने 31 मार्च 2026 तक देश भर में 25,000 जनऔषधि केंद्र खोलने का लक्ष्य निर्धारित किया है। तदनुसार, पीएमबीआई ने देश के सभी जिलों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं।

**(ग):** पीएमबीजेपी की उत्पाद टोकरी में 1965 दवाएं और 293 सर्जिकल/उपभोग्य-सामग्री शामिल हैं जिनमें सभी प्रमुख चिकित्सीय समूह जैसे कार्डियोवैस्कुलर, कैंसर-रोधी, मधुमेह-रोधी, संक्रमण-रोधी, एलर्जी-रोधी, गैस्ट्रो-इंटेस्टीनल दवाएं आदि शामिल हैं। इसके अलावा, विभिन्न न्यूट्रास्यूटिकल उत्पाद जैसे प्रोटीन पाउडर, माल्ट-आधारित खाद्य पूरक आदि और कुछ आयुष उत्पाद जैसे आयुरक्षा किट, बालरक्षा किट और आयुष-64 टैबलेट को परियोजना की उत्पाद टोकरी में प्रतिरक्षा बूस्टर के तौर पर जोड़ा गया है जिसे चयनित केंद्रों के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है।

(घ): प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के तहत, दिनांक 31.12.2023 तक, महाराष्ट्र राज्य में 587 केंद्रों और गुजरात राज्य में 624 केंद्रों सहित देश भर में 10454 प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र (पीएमबीजेके) खोले गए हैं। दिनांक 31.12.2023 तक महाराष्ट्र और गुजरात में खोले गए पीएमबीजेके की जिला-वार सूची क्रमशः अनुलग्नक-I और अनुलग्नक-II के रूप में संलग्न हैं।

**(ङ) और (च):** भारतीय औषध और चिकित्सा उपकरण ब्यूरो (पीएमबीआई), प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) की कार्यान्वयन एजेंसी, पीएमबीजेपी की विशेषताओं और विभिन्न प्रकार के विज्ञापनों जैसे प्रिंट मीडिया, रेडियो विज्ञापन, टीवी विज्ञापन, सिनेमा विज्ञापन और होर्डिंग, बस कतार आश्रय ब्रांडिंग, बस ब्रांडिंग, ऑटो रैपिंग आदि के माध्यम से जन औषधि जेनेरिक दवाओं के लाभों के बारे में जागरूकता फैला रही है। इसके अलावा, पीएमबीआई जनता को फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, यूट्यूब आदि जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से जनऔषधि जेनेरिक दवाओं के लाभों के बारे में नियमित रूप से शिक्षित कर रहा है।

इसके अलावा, पीएमबीआई प्रतिवर्ष 7 मार्च को जनऔषधि दिवस आयोजित करके जनऔषधि जेनेरिक दवाओं के लाभों के बारे में भी देश के नागरिकों को शिक्षित कर रहा है। पीएमबीजेपी योजना के बारे में नागरिकों को शिक्षित करने के लिए आजादी का अमृत महोत्सव, राष्ट्रीय एकता दिवस सप्ताह आदि जैसे विभिन्न कार्यक्रम समारोहों के दौरान कार्यशालाएं और सेमीनार आयोजित किए जा रहे हैं।

**<u>अनुलग्नक- I</u>**

**पीएमबीजेपी के तहत उपलब्धियों के संबंध में श्री राजेश नारणभाई चुडासमा और श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे द्वारा पूछे जाने वाले दिनांक 02.02.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 178 के भाग (घ) के उत्तर के संबंध में उल्लिखित विवरण**

| दिनांक 31.12.2023 तक महाराष्ट्र में खोले गए पीएमबीजेके की जिला-वार सूची | | |
|---|---|---|
| **क्र. सं.** | **जिले का नाम** | **खोले गए पीएमबीजेके की संख्या** |
| 1 | अहमदनगर | 13 |
| 2 | अकोला | 11 |
| 3 | अमरावती | 10 |
| 4 | औरंगाबाद | 11 |
| 5 | बीड | 30 |
| 6 | भंडारा | 2 |
| 7 | बुलढाना | 30 |
| 8 | चंद्रपुर | 5 |
| 9 | धुले | 6 |
| 10 | गडचिरोली | 1 |
| 11 | गोंदिया | 4 |
| 12 | हिंगोली | 7 |
| 13 | जलगांव | 13 |
| 14 | जालना | 29 |
| 15 | कोल्हापुर | 18 |
| 16 | लातूर | 44 |
| 17 | मुंबई | 57 |
| 18 | मुंबई उपनगरीय | 9 |
| 19 | नागपुर | 13 |
| 20 | नांदेड़ | 21 |
| 21 | नंदुरबार | 4 |
| 22 | नासिक | 16 |
| 23 | उस्मानाबाद | 14 |
| 24 | पालघर | 19 |
| 25 | परभनी | 15 |
| 26 | पुणे | 40 |
| 27 | रायगढ़ | 9 |

| | | |
|---|---|---|
| 28 | रत्नागिरी | 2 |
| 29 | सांगली | 26 |
| 30 | सतारा | 14 |
| 31 | सिंधुदुर्ग | 2 |
| 32 | सोलापूर | 23 |
| 33 | थाणे | 50 |
| 34 | वर्धा | 4 |
| 35 | वाशिम | 6 |
| 36 | यवतमाल | 9 |
| **कुल** | | **587** |

**अनुलग्नक- II**

**पीएमबीजेपी के तहत उपलब्धियों के संबंध में श्री राजेश नारणभाई चुडासमा और श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे द्वारा पूछे जाने वाले दिनांक 02.02.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 178 के भाग (घ) के उत्तर के संबंध में उल्लिखित विवरण**

| दिनांक 31.12.2023 तक गुजरात में खोले गए पीएमबीजेके की जिला-वार सूची | | |
|---|---|---|
| **क्र. सं.** | **जिले का नाम** | **खोले गए पीएमबीजेके की संख्या** |
| 1 | अहमदाबाद | 75 |
| 2 | अमरेली | 14 |
| 3 | आनंद | 18 |
| 4 | अरवल्ली | 6 |
| 5 | बनास कंथा | 14 |
| 6 | भरूच | 14 |
| 7 | भावनगर | 25 |
| 8 | बोटाड | 10 |
| 9 | छोटाउदेपुर | 6 |
| 10 | डैंग | 4 |
| 11 | देवभूमि द्वारका | 5 |
| 12 | दाहोद | 5 |
| 13 | गांधीनगर | 11 |
| 14 | गिर सोमनाथ | 12 |
| 15 | जामनगर | 16 |
| 16 | जूनागढ़ | 22 |
| 17 | कच्छ | 23 |
| 18 | खेड़ा | 19 |
| 19 | महेसाणा | 18 |
| 20 | महीसागर | 7 |
| 21 | मोरबी | 8 |
| 22 | नर्मदा | 5 |
| 23 | नवसारी | 8 |
| 24 | पंचमहल | 9 |
| 25 | पाटन | 14 |
| 26 | पोरबंदर | 7 |

| | | |
|---|---|---|
| 27 | राजकोट | 68 |
| 28 | साबर कंथा | 17 |
| 29 | सूरत | 90 |
| 30 | सुरेंद्रनगर | 10 |
| 31 | तापी | 6 |
| 32 | वडोदरा | 47 |
| 33 | वलसाड | 11 |
| **कुल** | | **624** |

*****